**02-10-2021**

## आपदा मित्र योजना

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. कामन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (CAP) सभी प्रकार के नेटवर्क पर आधारित आपातकालीन अलर्ट और सार्वजनिक चेतावनियों के आदान-प्रदान हेतु एक सरल लेकिन सामान्य प्रारूप है।
2. यह एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे मई 2016 में शुरू किया गया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।
3. इस योजना के तहत समुदाय के स्वयंसेवकों को आपदा के बाद अपने समुदाय की तत्काल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कौशल प्रदान करना जिससे वे अचानक बाढ और शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न बाढ जैसी आपातकालीन स्थितियों के दौरान बुनियादी राहत और बचाव कार्य करने में सक्षम हो सके।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-देश के 30 जिलों में आपदा मित्र योजना के प्रायोगिक स्तर पर सफल रहने के बाद सरकार देश भर के 350 जिलों में आपदा मित्र योजना को शुरू करने की योजना बनी रही है। इसके साथ ही कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल हेतु भी दस्तावेज जारी किये गए हैं।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- यह एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे मई 2016 में शुरू किया गया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण योजना की कार्यान्वयन एजेंसी हैं।
- यह आपदा-प्रवण क्षेत्रों में उपयुक्त व्यक्तियों की पहचान करने की एक योजना है, जिसमें आपदाओं के समय प्रथम आपदा मित्र अर्थात बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है।
- इस योजना के तहत समुदाय के स्वयंसेवकों को आपदा के बाद अपने समुदाय की तत्काल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।
- इसकी विशेषता राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर संबंधित राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों द्वारा पैनलबद्ध प्रशिक्षण संस्थान सामुदायिक स्वयंसेवकों को आपदा प्रतिक्रिया (बाढ राहत और बचाव) समन्वय, जीवन रक्षक कौशल में प्रशिक्षित करना तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और आपातकालीन प्रतिक्रिया किट प्रदान करना।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- जिला/ब्लॉक स्तर पर एक सामुदायिक आपातकालीन भंडार रिजर्व बनाना जिसमें आवश्यक सामान जैसे टार्च, बचाव व उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट आदि शामिल हैं।
- योजना के बाद के चरणों में बाढ ग्रस्त जिलों में में परियोजना के तहत विकसित प्रशिक्षण और शिक्षा उपकरणों का प्रसार करना ।

## UNCTAD DIGITAL ECONOMY REPORT-2021

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. अपनी रिपोर्ट में UNCTAD ने फिलीपींस को उन 6 देशों में से एक के रूप में नोट किया जो सीमाओं के पार डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति देता है।
2. सीमा पार डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति देने वाले अन्य पांच देशों में शामिल है– कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और अमेरिका।
3. UNCTAD ने सिफारिश की है कि वैश्विक समुदाय को सीमाओं के पार डिजिटल डाटा के मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाना चाहिए। यह ऐसी गतिविधियों की अनुमति देने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनाने का सुझाव दिया है।

**उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :– (D) उपरोक्त सभी**

**<u>भूमिका</u> :–** हाल ही में UNCTAD ने अपनी UNCTAD DIGITAL ECONOMY REPORT-2021 प्रकाशित की।

**<u>परीक्षा उपयोगी बिन्दु</u> :–**

- अपनी रिपोर्ट में UNCTAD ने फिलीपींस को उन 6 देशों में से एक के रूप में नोट किया जो सीमाओं के पार डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति देता है।
- सीमा पार डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति देने वाले अन्य पांच देशों में शामिल है– कनाडा, आस्ट्रेलिया, मैक्सिको, सिंगापुर और अमेरिका।
- UNCTAD ने सिफारिश की है, कि बैश्विक समुदाय को सीमाओं के पार डिजिटल डाटा के मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाना चाहिए।
- UNCTAD के अनुसार किसी भी वैश्विक ढ़ांचे का मतलब निजी क्षेत्र के साथ–साथ डेटा के सरकारी उपयोग के लिए गोपनीयता की रक्षा में अतिरिक्त बोझ नही होगा।
- घरेलू कानूनों के अनुपालन की निगरानी के लिए मजबूत नियामक वातावरण और पर्याप्त नियामक संसाधनों वाले देशों द्वारा लाइट टच अप्रोच का समर्थन किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

❖ इस रिपोर्ट के अनुसार फिलीपींस का लाइट-टच अप्रोच का उपयोग आउटसोर्सिंग उद्योग पर अपनी निर्भरता की ओर है, जो देश में प्रमुख आर्थिक विकास चालक है।

❖ सीमा पार डेटा प्रवाह के लिए प्रतिबंधात्मक या संरक्षित दृष्टिकोण का पालन भारत, चीन, इंडोनेशिया,नाइजीरिया, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, रवांडा, रूसी संघ, तुर्की, सऊदी अरब और वियतनाम जैसे देशों द्वारा किया जाता है।

## लूसी मिशन

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. इस अंतरिक्ष यान को 16 अक्टूबर 2021 को कैप केनारवेल स्पेस फोर्स स्टेशन फ्लोरिडा से लॉन्च किया जाएगा।
2. मिशन लूसी को चट्टानों पिंडों के समूह की जांच के उद्देश्य से लॉन्च किया जाएगा जो दो समूहों में सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं।
3. ट्रोजन छोटे खगोलीय पिंड या क्षुद्रग्रह होते हैं, जो बड़े क्षुद्रग्रह की कक्षा को साझा करते हैं। वे मुख्य पिंड से लगभग 60° आगे या पीछे स्थिर कक्षा में रहते हैं।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा बृहस्पति के ट्रोजन क्षुद्रग्रहों का अध्ययन करने के लिए अपना पहला अंतरिक्ष यान भेजने जा रही है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

❖ मिशन लूसी को चट्टानी पिडों के समूह की जांच के उद्देश्य से लॉन्च किया जाएगा जो दो समूहों में सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं।

❖ इस अंतरिक्ष यान को 16 अक्टूबर 2021 को कैप कैनारबेल स्पेस फोर्स स्टेशन फ्लोरिडा से लॉन्च किया जाएगा।

❖ पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण से बूस्ट प्राप्त करने के बाद मिशन लूसी 12 साल की यात्रा पर जायेगा। मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य बेल्ट में अलग-अलग क्षुद्र ग्रहों में 12 साल की यात्रा पूरी की जाएगी।

❖ यह अंतरिक्ष यान 4.5 अरब साल पहले सौर मंडल के निर्माण के बारे में नई अंतदृष्टि प्राप्त करेगा।

❖ पृथ्वी अंतरिक्ष यान अपनी सतह के 400 किलोमीटर के दायरे में लक्षित पिंडो के पास से उड़ान भरेगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ट्रोजन छोटे खगोलीय पिंड या क्षुद्रग्रह होते हैं, जो बड़े क्षुद्रग्रहों की कक्षा को साझा करते है। वें मुख्य पिंड से लगभग 60° आगे या पीछे स्थिर कक्षा में रहते है।
- ट्रोजन एक प्रकार की सह-कक्षीय पिंड हैं। सौर मंडल के अधिकांश ज्ञात ट्रोजन बृहस्पति की कक्षा को साझा करते हैं।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS